प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. नई जीएसटी दरें आज से पूरे देश में लागू : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में पदयात्रा कर जानी कारोबारियों और ग्राहकों की राय, कहा– अर्थव्यवस्था को नई गति देगा यह फैसला।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 सितंबर को प्रस्तावित मथुरा वृंदावन दौरे को लेकर तैयारिया तेज़ : ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में करेंगो दर्शन पूजन।
3. प्रदेश 61 वर्षो बाद भारत स्काउट एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की करेगा मेजबानी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को करेंगे उद्घाटन। और
4. शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रदेश भर के देवी मंदिरों में उमड़े भक्त : बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में शुरू हुआ 15 दिवसीय राजकीय मेला।

———————

नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म आज से लागू हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटो रिफॉर्म जागरूकता अभियान के पहले चरणकी शुरुआत गोरखपुर में जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जनसंपर्क करके की। मुख्यमंत्री ने कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और ग्राहकों से बात की और

जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने कारोबारियों से आग्रह किया घटी जीएसटी का लाभ ग्राहकों को अवश्य दें। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। बाइट....

*देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दीपावली का उपहार दिया है। जीएसटी में अब के सबसे बड़े रिफॉर्म करके, जिसमें सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं की जीएसटी की दर को घटा करके 18 और 12 प्रतिशत से कम करके 5 या जीरो पर ला दिया है। यह रिफार्म भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति देगा। आग उपभोक्ता पर्व और त्योहार उल्लास और उमंग के साथ मनायेगा।*

जीएसटी कम होने से प्रदेश के व्यापारियों और जनता में उत्साह का माहौल है। गौतमबुद्ध नगर के व्यापारी कुलदीप शर्मा ने जीएसटी की नई दरें लागू होने को सराहनीय कदम बताया है। बाइट.....

*आज से जो नई दरे चालू हो रही है जीएसटी को लेकर जो गर्वमेंट ने एलाव की। इसका बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। हम सभी व्यापारी इसका स्वागत करते है जो 28 थी उसको 18 से लेकर आये है और जो 5 थी उसको जीरो पर करा रहै तो यह बहुत बड़ा सराहनयी कदम है हम व्यापारियों के लिये इससे हमारा व्यापार भी बढ़ेगा और उपभोक्ता को भी इसका विशेष लाभ मिलेगा।*

जौनपुर के राजेश पांडे ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव के जरिए आम जनता को काफी राहत मिलेगी। बाइट......

*आज से जीएसटी के नये दर लागू हो रहे है जोकि आम जीवन में काफी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं प्रधानमंत्री ने भी इसको बचत उत्सव*

*का नाम दिया है। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुएं जिनकी कीमतें कम हुई उनकी खरीददारी में लोगों को आसानी होगी।*

———————————

**आज से लागू हुए नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक रिपोर्ट.....**

*जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में करों में बड़ी कटौती कर आम आदमी को राहत दी है। सरकार ने 7,500 रुपये प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल में जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। कला और सांस्कृतिक सामग्रियों पर भी जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत किया गया है। छोटी मूर्तियों, मूल नक्काशियों, प्रिंट, शिलामुद्रण, जेवराती वस्तुओं, प्रस्तर कला के सामान आदि पर लगने वाले जीएसटी को पांच प्रतिशतकर दिया गया है। छात्रों और परिवारों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुएं जैसे नोटबुक, ग्राफबुक, शार्पनर और पेंसिल को शून्य–कर श्रेणी में ला दिया है, जिससे वे और अधिक किफायती हो गई हैं। जीएसटी में कटौती से आम लोगों, खासकर मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ कम होगा और उनकी बचत में इज़ाफ़ा होगा। दृष्टि और शिवांग के साथ, सक़लैन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 सितंबर को प्रस्तावित मथुरा वृंदावन दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियों तेज़ कर दी हैं। राष्ट्रपति अपने इस एक दिवसीय दौरे में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगी। आगरा के मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह ने बताया कि राष्टपति का आगमन ट्रेन से होगा। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं।

बाइट......

*25 सितम्बर को माननीय राष्ट्रपति महोदया का यहां जनपद में आगमन है उसको दृष्टिगत रखते हुए यहां पर जो बाई ट्रेन राष्ट्रपति महोदया उनके साथ उनके स्टाफ के लोग आ रहे है यहां पर आने के बाद वे मंदिरों में दर्शन पूजन करना है जिसमें ट्रस्ट, ऊर्जा मंदिर भी शामिल है तो सारी व्यवस्थाएं देखी जा रही है जे रूट की व्यवस्था है जो सुरक्षा व्यवस्था है साफ सफाई की व्यवस्था है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पशु तस्करों के हाथों मारे गये नीट के छात्र दीपक गुप्ता के परिजनों को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी। मुख्यमंत्री ने परिजनों को मामले में कड़ी से कड़ी कारवाई का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि 15 सितम्बर की रात पिपराइच के महुआचाफी गांव में पशु तस्करों ने दीपक गुप्ता की हत्या कर दी थी।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला सेवापर्व में, हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और शहरी कनेक्टिविटी को मज़बूत किया है और देश भर के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

*भारत में मेट्रो अब केवल परिवहन का साधन ही नहीं भारत की विकास गाथा के केंद्र में एक जीवन रेखा बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है, जो शहरी परिवहन विस्तार में इसकी तीव्र प्रगति को दर्शाता है। इस महीने कोलकाता में मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 2014 से पहले देश में केवल 250 किलोमीटर मेट्रो रूट थे।*

*2014 से पहले देश में सिर्फ 250 किलोमीटर ही मेट्रो रूट था। आज देश में मेट्रो रूट 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा का हो गया है। यह सारे काम इज ऑफ ट्रैवल को बढ़ाने वाले हैं ताकि 21वींसदी के भारत को 21वीं सदी के ट्रांसपोर्ट सिस्टम की भी जरूरत है।*

*शहरी क्षेत्रों में, सरकार गुणवत्तापूर्ण आवास तक पहुँच के साथ प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित कर रही है। पिछले 11 वर्षों में, सरकार ने शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास उपलब्ध कराए हैं। सरकार शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार ला रही है और जीवन को सुगम बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा कर रही है। समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।*

——————————

**प्रदेश को 61 वर्षों बाद भारत स्काउट एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी का अवसर मिला है। 23 से 29 नवंबर तक होने वाले इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन 24 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों प्रस्तावित है। इसके लिए लखनऊ में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ गेटेड टेंट सिटी बसाई जाएगी। यह विशाल शिविर न केवल युवाओं की ऊर्जा को दिशादेगा बल्कि वैश्विक भाईचारे का अनूठा संदेश भी फैलाएगा। जम्बूरी के आयोजन स्थल परबनने वाली भव्य टेंट सिटी के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम 29 सितंबर को होगा। इस टेंटसिटी में 35 हज़ार लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। 1964 में प्रयागराज ने चौथे जम्बूरी की मेजबानी कर उत्तर प्रदेश का नाम इतिहास में दर्ज कराया था।**

——————————

**शारदीय नवरात्र के पहले दिन आज प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने**

**गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में कलश स्थापना कर विशेष पूजन किया। सहारनपुर में मां शाकुम्भरी देवी सहित अयोध्या, मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज में देवी मंदिरों में भक्तों की कतार देखी जा रही है। विन्ध्याचल स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर में माता के दर्शन पूजन के लिए देश–प्रदेश से श्रद्धालु पहुंचे हैं। बलरामपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इँतज़ाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट....**

*देश के 51 शक्तिपीठों में शामिल बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में देश दुनिया से आए श्रद्धालु मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन करते हैं। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन का विशेष पूजन आज ब्रह्म मुहूर्त से प्रारंभ हो गया। आज से ही शारदीय नवरात्र पर लगने वाले 15 दिवसीय राजकीय मेले का भी शुभारंभ हो गया है। जिला प्रशासन और मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के आवास, सुरक्षा, मंदिर और मेला परिसर में साफ– सफाई सहित व्यापकइंतजाम किए है। सीसीटीवी कैमरों द्वारा मंदिर परिसर और पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के लिए परिवहन विभाग द्वारा गोंडा, बहराइच सिद्धार्थ नगर आदि रूट से विशेष बसें भी चलाई जा रही हैं।*

*राम कुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

(समाप्त)